हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

ग्यारहवां सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 106

सोमवार, 14 मार्च, 2016/24 फाल्गुन, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

समय : 2.00 बजे (अपराह्न)

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

1. **प्रश्नोत्तरः**

(i) **तारांकित प्रश्नः**

तारांकित प्रश्न संख्या 2867, 2869 से 2872 तक तथा 2874 से 2876 तक के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। सदस्यों की अनुपस्थिति के कारण तारांकित प्रश्न संख्या 2868 तथा 2873 के उत्तर सभा पटल पर रखे गए। तारांकित प्रश्न संख्या 2877 से 2883 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 1232 से 1237 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

03-00 PM

2. साप्ताहिक शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्यः

श्री वीरभद्र सिंह, मुख्य मन्त्री ने सोमवार, 14 मार्च, 2016 से प्रारम्भ हो रहे वर्तमान सप्ताह की शासकीय कार्यसूची बारे वक्तव्य दिया।

03-03 PM

3. सदन की समितियों के प्रतिवेदनः

(1) **श्री रविन्द्र सिंह, सभापति, लोक लेखा समिति, (वर्ष 2015-16)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **130वां कार्रवाई प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा)** जोकि समिति के 80वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **उद्यान विभाग** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति का **131वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 94वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **उद्यान विभाग** से सम्बन्धित है।

(2) **श्री संजय रतन, सदस्य, लोक उपक्रम समिति, (वर्ष 2015-16)** ने समिति का **53वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 21वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद् समिति** से सम्बन्धित है की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

4. <u>वित्तीय वर्ष 2016-17 के लिए बजट अनुमानः सामान्य चर्चा।</u>

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1.) प्रो0 प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष
2.) श्री राजेश धर्माणी, मुख्य संसदीय सचिव
3.) श्री हंस राज
4.) श्री रोहित ठाकुर, मुख्य संसदीय सचिव
5.) श्री बिक्रम सिंह जरयाल
6.) श्री अनिरूद्ध सिंह

(सदन की बैठक सांय 6.45 बजे मंगलवार, दिनांक 15 मार्च, 2016 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई)